योग महोत्सव

[स्रोत: पी.आई.बी.](#)

हाल ही में पुणे में **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 75 दिन पूर्व** 'योग महोत्सव' आयोजित किया गया था।

- प्रतिभागियों ने मंत्रमुग्ध कर देने वाले परिणाम के साथ पूर्ण लय और सामंजस्य के साथ **सामान्य योग प्रोटोकॉल (Common Yoga Protocol - CYP)** का प्रदर्शन किया। इसका आयोजन **भारत सरकार के आयुष मंत्रालय** द्वारा किया गया था।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस:

- संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2014 में **21 जून** को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया।
- **21 जून** की तारीख का सुझाव इसलिये दिया गया क्योंकि यह **उत्तरी गोलार्ध** में वर्ष का **सबसे लंबा दिन** है जिसका दुनिया के कई हिस्सों में विशेष महत्त्व है।
- **पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस** समारोह 21 जून, **2015** को नई दिल्ली के राजपथ पर आयोजित किया गया था।
- **योग** एक प्राचीन शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है **जिसकी उत्पत्ति भारत में हुई थी।**
- **'योग' शब्द संस्कृत से लिया गया है** और इसका अर्थ है जुड़ना या एकजुट होना, जो शरीर एवं चेतना के मिलन का प्रतीक है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organization - WHO) ने **शारीरिक गतिविधि 2018-2030** पर अपनी वैश्विक कार्य योजना में स्वास्थ्य में सुधार के साधन के रूप में योग का उल्लेख किया है।



//

और पढ़ें: International Day of Yoga, World Health Organization (WHO)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/yoga-mahotsav